कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश


Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com    www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–14, अंक–2, जून 2013

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545




## कामधेनु ने पेश किया दमदार कामधेनु एसएस 10000




नई दिल्लीः बुनियादी ढांचा क्षेत्र में देश की दिग्गज कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने 18 जून को देश भर के पत्रकारों के समक्ष नई दिल्ली के द ललित होटल में अपना नवीनतम उत्पाद कामधेनु एसएस 10000 पेश किया।

इस मौके पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने कहा, "कामधेनु एसएस 10000 अपनी श्रेणी का पहला और इकलौता उत्पाद है, जो दोहरी रिब, दोगुनी मजबूती और दोगुनी सुरक्षा जैसी खूबियों से लैस है। इसे दो का दम वाला टीएमटी सरिया कहा जा रहा है क्योंकि दो सरिया की मजबूती एक में ही मुहैया कराता है। यह कंक्रीट के साथ 254ः ज्यादा सख्त पकड़ बनाता है, जिससे कहीं मजबूत निर्माण सुनिश्चित किया जा सकता है।"

कामधेनु का यह उम्दा उत्पाद बीआईएस के साथ ब्रिटेन के मानदंड बीएस–500 पर भी पूरा खरा उतरता है। इसे नाइट्सब्रिज रिसोर्सेस लिमिटेड, ब्रिटेन के तकनीकी सहयोग से तैयार किया गया है। बहुत कम कार्बन, सल्फर और फॉस्फोरस के स्तर की वजह से यह बेहतरीन लचीला, उच्च मुड़ाव, बेहतर जंग रोधी, अच्छी वेल्डबिलिटी और लंबे समय तक कायम रहता है।

श्री अग्रवाल ने कहा, "मजबूत पकड़ और अन्य भौतिक खूबियों की वजह से अपनी श्रेणी के दूसरे उत्पादों से एक कदम आगे है। अपने बेतरीन गुणों की वजह से यह गगनचुंबी इमारतों और भूकंप संभावना वाले क्षेत्रों में सभी तरह के निर्माण के लिए बिल्कुल उपयुक्त है।"

फिलहाल कामधेनु एसएस 10000 का उत्पादन राजस्थान के भिवाड़ी में कंपनी के प्लांट में हो रहा है। जल्दी ही कंपनी के फ्रैंचाइजी सहयोगियों की योग्य निर्माण इकाइयों में उत्पादन शुरू होगा। कंपनी की मार्केटिंग, ब्रैंड प्रोमोशन और तकनीकी एवं उत्पादन इकाइयों के अपग्रेडेशन में 150 करोड़ रुपये के निवेश की योजना है।

कामधेनु एसएस 10000 की बिक्री से कामधेनु ब्राण्ड की अगले 3 सालों में सकल बिक्री के 10,000 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुँच जाने की उम्मीद जताई है।

श्री अग्रवाल ने कहा, "देश को आज कामधेनु एसएस 10000 जैसे उत्पादों की जरूरत है। यही वजह है कि कंपनी इस उत्पाद की सफलता को लेकर उम्मीद से भरी है। कामधेनु इस्पात लिमिटेड को भरोसा है कि इस उत्पाद को पेश करने से कंपनी को फायदा होगा। लेकिन कंपनी को इस बात से ज्यादा खुशी है कि इससे देश और नागरिकों को जबर्दस्त फायदा होगा।"

इसके पहले कार्यक्रम की शुरुआत कामधेनु इस्पात लिमिटेड के डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल के स्वागत भाषण से हुई। कार्यक्रम के दौरान डायरेक्टर श्री सचिन अग्रवाल ने पत्रकारों को उत्पाद की खूबियों के बारे में विस्तार से बताया। वहीं कंपनी के डायरेक्टर श्री सौरभ अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन संबोधन से कार्यक्रम का समापन हुआ।

# मोदी की बीजेपी की ताजपोशी, टूटा बीजेपी–जदयू का गठबंधन



भारतीय जनता पार्टी में गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी का कद लगातार बढ़ता जा रहा है। गोवा में हुई राष्ट्रीय कार्यकारणी बैठक में उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव के लिए बनी चुनाव समिति का प्रमुख बना दिया गया। इसका मतलब है कि बीजेपी अगला लोकसभा चुनाव नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लड़ेगी।

नरेंद्र मोदी के बढ़ते कद से बीजेपी में ही दरार साफ नजर आई। पार्टी के वरिष्ठतम नेता लालकृष्ण आडवाणी गोवा की बैठक में शामिल नहीं हुए। साथ ही उन्होंने मोदी को 2014 की जिम्मेदारी देने के कुछ ही दिनों में पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। हालाँकि बाद में कुछ ही दिनों में मान मनौवल के बाद उन्होंने इस्तीफा वापस ले लिया।

नरेंद्र मोदी के बढ़ते कद से राष्ट्रीय गणतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए में फूट पड़ गई है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने 15 जून को भाजपा से अपना 17 वर्ष पुराना गठबंधन तोड़ दिया। पटना में एक पत्रकार सम्मेलन आयोजित कर जदयू अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि उनकी पार्टी अब भाजपा नीत एनडीए का हिस्सा नहीं रहेगी। बाद में जदयू ने बीजेपी के बिना विधानसभा में बहुमत भी साबित कर दिया।



# उत्तराखंड, हिमाचल में बारिश का कहर

उत्तराखंड और हिमाचल में 15 से 18 जून के दौरान भारी बारिश से पहाड़ों में बाढ आ गई। अकेले उत्तराखंड में ही 800 से ज्यादा लोगों की मौत की आशंका है।

भारी बारिश से केदारनाथ, बद्रीनाथ, चमोली, जोशीमठ जैसे इलाकों में जानमाल की भारी तबाही हुई है। केदारनाथ मंदिर तो सुरक्षित है, लेकिन आसपास का पूरा इलाका बाढ़ से तबाह हो गया।

उत्तराखंड की बाढ़ में 50 हजार से ज्यादा पर्यटक और तीर्थयात्री फंस गए। इन्हें सेना के जवानों ने अपनी जान जोखिम में डालकर धीरे–धीरे बाहर निकाला।

प्रधानमंत्री ने बाढ़ से निपटने के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष से 1000 करोड़ रुपये की मदद का ऐलान किया है। वहीं पूरा देश उत्तराखंड के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आया। कई संगठनों के साथ कई कंपनियों ने बाढ़ पीड़ितों की मदद का ऐलान किया है।

बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री सुरेश कटोच
**मैसर्स न्यू कटोच हार्डवेयर**
रीकोन्ग पियो
जिला – किन्नौर
हिमाचल प्रदेश
मो. – 09418023697

श्री प्रकाश चाचन
**मैसर्स श्री लक्ष्मी आयरन स्टोर**
धनमंडी, नोहर
जिला – हनुमानगढ़,
राजस्थान
मो.–09414511781

श्री भूपिन्दर कुमार,
श्री सुशील कुमार
**मैसर्स सुशील कुमार एण्ड कम्पनी**
जैतो मण्डी,
जिला – फरीदकोट, पंजाब
मो.– 09465000650




# कामधेनु एसएस 10000: भविष्य का टीएमटी

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के नवीनतम उत्पाद कामधेनु एसएस 10000 ने बाजार में प्रवेश के कुछ ही दिनों के भीतर ही धूम मचा दी है। कामधेनु एसएस 10000 की जबर्दस्त माँग और कारोबारी पूछताछ से साबित होता है कि इस उत्पाद के बाजार में छा जाने की पूरी काबिलियत है।

अत्याधुनिक अंतर्राष्ट्रीय मानकों से लैस ब्रिटिश तकनीक से डिजाइन और निर्मित, कामधेनु एसएस 10000 में अनोखा डबल रिब पैटर्न है। विभिन्न कोणों पर कहीं ज्यादा गहराई/ऊँचाई और बेहद करीब रिब बने हैं। सीएनसी कटिंग नोच से एक समान रिब पैटर्न सुनिश्चित किया जाता है। इससे कंक्रीट के साथ एकसमान मजबूत पकड़ सुनिश्चित की जाती है। एक समान और अच्छी तरह डिजाइन किए गए रिब पैटर्न की वजह से कामधेनु एसएस 10000 की मजबूती और लचीलापन किसी साधारण सरिये से कहीं ज्यादा बेहतर है। अपनी बेहतरीन खूबियों की वजह से कामधेनु एसएस 10000 कंक्रीट के साथ बेहद मजबूत पकड़ बनाता है।

कामधेनु का यह उम्दा उत्पाद बीआईएस के साथ ब्रिटेन के मानदंड बीएस–500 पर भी पूरा खरा उतरता है। बहुत कम कार्बन के स्तर की वजह से यह बेहतरीन लचीलापन, उच्च मुड़ाव, बेहतर जंग रोधी, अच्छी वेल्डबिलिटी और लंबे समय तक कायम रहने जैसे गुणों से लैस है। साथ ही लंबे समय तक टिकाऊपन पर असर डालने वाले सल्फर और फास्फोरस की मात्रा भी इसमें अनुमति प्राप्त मात्रा से कम है। इन गुणों की वजह से कामधेनु एसएस 10000 गगनचुंबी इमारतों, फ्लाईओवर और मेट्रो जैसे अहम निर्माण के साथ भूंकप संभावना क्षेत्रों में निर्माण के लिए बिल्कुल फिट है।

कामधेनु एसएस 10000 भूकंप संभावना वाले क्षेत्रों में निर्माण के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। भूकंप जैसे हालात में परीक्षण के दौरान इसने भूकंपरोधी गुणों का बखूबी परिचय दिया। 300 डिग्री तापमान पर यह 80 फीसदी से ज्यादा एंबियेंट टेंपरेचर यील्ड बरकरार रखने में कामयाब रहा। वहीं 500 डिग्री सेल्सियस के मामले में ये 40 फीसदी पर रहा। यही वजह है कि हादसों को रोकने के लिए यह बिल्कुल फिट टीएमटी सरिया है।

फिलहाल कामधेनु एसएस 10000 ग्राहक केंद्रित पैकिंग में कंपनी के विशाल डीलर डिस्ट्रीब्यूर्स नेटवर्क के जरिये पूरे देश में उपलब्ध है। यह 8, 10, 12, 16, 20 और 25 एमएम आकार में उपलब्ध हैं। यह 12 मीटर की तय लंबाई में उपलब्ध कराया जा रहा है कि ताकि मोड़ने या काटने में सरिया बर्बाद न हो। सभी डीलरों के आउटलेट के बाहर कामधेनु एसएस 10000 की कंपनी कीमत लिखी है, जिससे अधिकतम पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

**कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने अपने नवीनतम उत्पाद कामधेनु एसएस–10000 के बिक्री एवं वितरण व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए दिल्ली, राजस्थान एवं हरियाणा में अधिकृत सेल्स प्रमोटर नियुक्त किए हैं। किसी भी तरह के कारोबारी पूछताछ के लिए नीचे लिखे नंबरों पर सम्पर्क कर सकते हैं।**

**दिल्ली एवं राजस्थान**
**मैसर्स सैटर्न स्टील प्रा. लिमिटेड**
809, 8वां तल, नं. बी–09, आईटीएल, ट्विन टावर, नेताजी सुभाष प्लेस, नई दिल्ली–110034
फोन: 011–47801170 फैक्स: 011–47801171
Email: info@saturnsteels.com

**हरियाणा**
**मैसर्स मामन चन्द नरेश कुमार**
फोन: 9215765202, 9873426004, 9215391100, 9310391100
Email: mamanchandnareshkumar@gmail.com

**हरियाणा**
**मैसर्स भक्त वत्सल इन्टरप्राजेज**
सैनीपुरा, नजफगढ़ रोड़, बहादुरगढ़ (हरियाणा)
फोन: 9311166111, 9315122208
Email: bhakt2006@gmail.com

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14
Production Date: 25.06.2013



# कामधेनु ने बिहार में मजबूत की पकड़




देश में बुनियादी ढांचा विकास क्षेत्र के दिग्गज कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड के लिए बिहार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में तेजी से शामिल हो रहा है। हाल के दिनों में राज्य में कंपनी ने बेहतरीन विकास दर हासिल की है और कंपनी की बाजार हिस्सेदारी में लगातार बढ़ोतरी हुई है। कंपनी राज्य के कोने कोने तक अपने उत्पादों की पहुँच सुनिश्चित करने और बाजार हिस्सेदारी में लगातार बढ़ोतरी करने के लिए अपने डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क को ज्यादा कुशल बनाने की पूरी कोशिश कर रही है।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने अपने डीलरों को प्रोत्साहित करने के लिए पटना में एक डीलर्स मीट का आयोजन किया। यह डीलर्स मीट जहानाबाद में कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर मेसर्स सिन्हा स्टील के सौजन्य से आयोजित हुई थी। इस मीट के में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जहानाबाद और आसपास के इलाकों के डीलरों ने हिस्सा लिया।

एरिया इंचार्ज श्री श्रवण मिश्रा और डिस्ट्रीब्यूटर श्री योगेंद्र कुमार सिन्हा ने बहुत अच्छी तरह कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर दादीजी स्टील के निदेशक श्री शिशिर अग्रवाल और नीलकमल स्टील्स के निदेशक श्री विपुल सिंह उपस्थित रहे।

एरिया इंचार्ज श्री श्रवण मिश्र ने कहा, "बिहार में कामधेनु स्टील की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। कंपनी बिहार में कारोबारी मौकों को समझती है और जल्दी ही बिहार एवं झारखंड में नई विस्तार योजना का खुलासा करेगी। इस विस्तार में डीलरों को कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।"

दादीजी स्टील के निदेशक श्री शिशिर अग्रवाल ने कहा कि कंपनी अपने उत्पादों की दूर दराज के इलाकों तक पहुँच सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है। वहीं नीलकमल स्टील्स के निदेशक श्री विपुल सिंह ने भी डीलरों को प्रोत्साहित किया ताकि बिहार में निर्माण क्षेत्र में आई तेजी का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाया जा सके।

यह डीलर मीट कई मायनों में बेहद कामयाब साबित हुई। मीट से डीलरों ने अपने भीतर उत्साह महसूस किया। डीलरों ने भरोसा दिलाया कि बिहार में कामधेनु इस्पात लिमिटेड की बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में हर संभव कोशिश करेंगे।



# उज्जैन में कामधेनु की सीएपी मीट






कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने मिस्त्रियों और ठेकेदारों को स्टील के सही इस्तेमाल के बारे में जागरुक करने के लिए 4 जून को मध्यप्रदेश में उज्जैन जिले के इंगोरिया में उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया।

इंगोरिया में कामधेनु के डीलर मेसर्स न्यू नोबल इलेक्ट्रिक एंड बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायर के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में इंगोरिया और आसपास के इलाकों के 200 से ज्यादा मिस्त्री और ठेकेदार शामिल हुए।

मिस्त्रियों और ठेकेदारों को कामधेनु के उत्पादों के बारे में बताते हुए कंपनी के मार्केटिंग मैनेजर अवनीश कुमार ने कहा कि कामधेनु कभी भी गुणवत्ता से समझौता नहीं करती। यही वजह है कि आप कंपनी की गुणवत्ता पर आँख मूँदकर भरोसा कर सकते हैं। हमारा उद्देश्य है कि देश के दूर–दराज के इलाकों में भी कामधेनु के उत्पाद मुहैया कराया जाए।

मार्केटिंग मैनेजर समीर गुप्ता ने कहा कि भविष्य की दिक्कतों से बचने के लिए कामधेनु टीएमटी का इस्तेमाल करना चाहिए। कामधेनु के उत्पाद ग्राहकों को पूरी तरह संतुष्ट करते हैं।

इस कार्यक्रम में कामधेनु के डिस्ट्रीब्यूटर आकाश गुप्ता और हितेश गुप्ता भी शामिल थे। इन दोनों ने भी उपस्थिति मिस्त्रियों और ठेकेदारों को कामधेनु के उत्पादों की बेहतरीन गुणवत्ता के बारे में विस्तार से बताया।

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com